[This question paper contains 6 printed pages.]

**1238** *Your Roll No.* ............

आपका अनुक्रमांक ________

**LL.B.**

**I Term**

**JS**

Paper LB-103 – LAW OF TORTS

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

*समय : 3 घण्टे* *पूर्णांक : 100*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)*

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

*टिप्पणी :– इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt* **Five** *questions including Question No.* **1** *which is compulsory.*
**All** *questions carry equal marks.*

*अनिवार्य प्रश्न क्रमांक* **1** *सहित कुल पाँच प्रश्न कीजिये।*
**सभी** *प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. Attempt any **four** of the following :

   (i) Defence of vis-major

   (ii) Res ipsa loquitur

   (iii) Distinguish between tortious liability and criminal liability

   (iv) Exceptions to the maxim Volenti non fit injuria

   (v) Defence of Qualified Privilege

   निम्नलिखित में से किन्हीं चार के उत्तर लिखिए :

   (i) दैव कृत्य की प्रतिरक्षा

   (ii) स्वयं प्रमाण

   (iii) अपकृत्य सम्बन्धी दायित्व और अपराध सम्बन्धी दायित्व के बीच भेद स्पष्ट कीजिए।

   (iv) सूक्ति volenti non fit injuria के अपवाद

   (v) सापेक्ष विशेषाधिकार की प्रतिरक्षा

2. Explain the essential elements of a Tort highlighting the maxim "Injuria sine damno".

   The plaintiff suffered massive monetary loss due to his unauthorised banquet hall, located in a residential colony, being selectively sealed, by the competent authority, in compliance with a resolution passed by his political rivals. Decide, whether tortious liability arises in this Case.

   सूक्ति "बिना हानि के क्षति" का खुलासा करते हुए अपकृत्य के आवश्यक तत्वों को स्पष्ट कीजिए।

वादी को आवासीय बस्ती में स्थित अपने अनधिकृत बैन्क्वट हॉल के कारण भारी वित्तीय हानि उठानी पड़ी जिसको समुचित प्राधिकारी द्वारा वादी के राजनीतिक प्रतिद्वन्द्वियों द्वारा पारित प्रस्ताव के अनुपालन में चयन करके सील कर दिया गया था। विनिश्चय कीजिए कि इस केस में क्या कोई अपकृत्य सम्बन्धी दायित्व बनता है।

3. A asks for a lift from a motorist B. A is told by B : "I am not an expert driver. I am without a driving licence too. You may travel at your own risk". A travels with B. Later, the motor vehicle collides with a bus due to defective brakes of B's Vehicle. A sues B for injuries suffered by him in the accident. B takes the plea of volenti non fit injuria. Decide, after discussing the whole law relating to the aforesaid maxim.

एक मोटरमालिक, B से लिफ्ट मांगता है। B ने A से कह दिया, "मैं कुशल चालक नहीं हूं। मेरे पास ड्राइवर लाइसेंस भी नहीं है। आप अपनी स्वयं की जोखिम पर सफर कर सकते हैं।" A ने B के साथ सफर किया। बाद में B का मोटरयान ब्रेक खराब होने के कारण बस से टकरा जाता है। दुर्घटना में पहुंची क्षति हेतु A, B पर वाद चलाता है। B 'Volenti non fit injuria' सूक्ति का अभिवाक् करता है। पूर्वोक्त सूक्ति से सम्बन्धित समूची विधि का विवेचन करने के बाद विनिश्चय कीजिए।

4. Discuss the legal principles relating to the tort of Negligence.

A was going on a motor cycle on a road adjoining a piece of land owned by B. Some children were playing

football on that land with the permission of B. The ball, when kicked by a child, crossed the boundary of the land and went on to the road. The ball caused A to have an accident which resulted in his death. The widow of A filed a suit for damages against B on the ground that B was negligent in allowing the children to play on his land without taking proper precautions so as to present the ball from going to the road. Decide the liability of B.

उपेक्षा सम्बन्धी अपकृत्य के बारे में विधिक सिद्धान्तों का विवेचन कीजिए ।

A मोटर साइकिल पर B के स्वामित्व वाले भू-खंड के पास वाली सड़क पर जा रहा था । कुछ बच्चे B की अनुमति से उस भूमि पर फुटबाल खेल रहे थे । एक बच्चे के किक किए जाने पर बॉल भूखंड की सीमा से बाहर चली गई तथा सड़क पर जा गिरी । बॉल द्वारा A के साथ दुर्घटना कारित हो गई जिसके परिणामस्वरूप उसकी मृत्यु हो गई । A की विधवा ने B के विरूद्ध नुकसानी हेतु वाद इस आधार पर दायर किया कि उचित पूर्वावधानी किए बिना बच्चों को अपनी भूमि पर खेलने की अनुमति देने में B उपेक्षावान था जिससे बॉल को बाहर सड़क पर जाने से रोका जाता । B के दायित्व का विनिश्चय कीजिए ।

5. (a) Critically examine the development of the law relating to Remoteness of Damages. Which test you prefer for deciding the questions of remoteness of damages. Give reasons for your answer.

(b) Critically explain the concept of "thought the unaided agency of one's own senses".

(क) नुकसानी की परोक्षता से सम्बन्धित विधि के विकास की समीक्षात्मक छान-बीन कीजिए । नुकसानी की परोक्षता के प्रश्न को विनिश्चित करने हेतु आप कौनसे परीक्षण को तरजीह देते हैं । सकारण उत्तर दीजिए ।

(ख) "किसी के स्वयं के भावबोध के असहायित अभिकरण के माध्यम से ।" इस संकल्पना की समीक्षात्मक व्याख्या कीजिए ।

6. What is 'No Fault Liability' ?

A and B Co. Ltd. was engaged in hazardous and inherently dangerous activity. Deadly toxic gas leaked as a result of an earthquake. Exposure to the toxic gas Caused death of at least one thousand persons in and around the plant premises. Explain the law to be applied for deciding the liability of A and B Co. Ltd.

"बिना कसूर दायित्व" क्या होता है ?

'A and B Co. Ltd.' परिसंकटमय और अन्तर्निहितत: खतरनाक क्रिया-कलाप में लगी हुई थी । भूकम्प के फलस्वरूप घातक विषैली गैस रिसने लगी । विषैली गैस के सम्पर्क में आने से संयंत्र के परिसर में तथा उसके इर्द-गिर्द कम से कम एक हज़ार व्यक्तियों की मृत्यु हो गई । A and B Co. Ltd. के दायित्व को विनिश्चित करने हेतु लागू की जाने वाली विधि को स्पष्ट कीजिए ।

7. Critically examine the development of the law relating to vicarious liability of the State. Also state the main features of this liability.

One quintal of silver was stolen from the shop of A. The whole quantity of silver was recovered by the

police from B who was prosecuted for the offence of theft. Pending decision of the prosecution the silver was deposited in the police Malkhana from where the same was again stolen by some one due to negligence of the officer-in-charge of the Malkhana. Decide the liability of the state.

राज्य के प्रतिनिधिक दायित्व सम्बन्धी विधि के विकास की समीक्षत्मक छान-बीन कीजिए ।

A की दुकान से एक क्विन्टल चांदी चुरा ली गई । पुलिस द्वारा B से पूरी मात्रा में चांदी बरामद कर ली गई । B पर चोरी के अपराध का अभियोग चलाया गया । अभियोजन के विनिश्चय के लम्बित रहते चांदी को पुलिस मालखाने में जमा करा दिया गया जहां से उसे मालखाने के प्रभारी अधिकारी की उपेक्षा के कारण किसी ने चुरा लिया । राज्य के दायित्व का विनिश्चय कीजिए ।

8. Discuss essential conditions of the tort of Defamation. Also distinguish between libel and slander.

मानहानि के अपकृत्य की आवश्यक शर्तों का विवेचन कीजिए । अपमान लेख और अपमान वचन के बीच भेद भी स्पष्ट कीजिए ।